ले ज गुरमीत सिंह, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि) **राज्यपाल एवं** **कुलाधिपति, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली** **उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी** **विश्वविद्यालय, भरसार, पौड़ी गढ़वाल।**	सत्यमेव जयते	**राजभवन** **उत्तराखण्ड, देहरादून**

संख्या– / जी0एस0(शिक्षा) / C13-2 / 2014

देहरादून : दिनांक : 21 जुलाई, 2022

आदेश

वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, पौड़ी गढ़वाल के कुलपति पद पर नियुक्त वर्तमान कुलपति डा0 अजीत कुमार कर्नाटक का तीन वर्ष का कार्यकाल दिनांक 21 जुलाई, 2022 को पूर्ण हो रहा है। नियमित कुलपति के चयन की प्रक्रिया शासन स्तर पर विचाराधीन है, जिसमें अभी समय लगने की सम्भावना है।

अतः उपरोक्त स्थिति के दृष्टिगत उ0प्र0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय अधिनियम, 1958 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा–11(6) एवं परिनियमावली, 2014 के परिनियम–4(तीन)(ख)(a)(सात) में निहित अन्तरिम व्यवस्था के अन्तर्गत वर्तमान कुलपति डा० अजीत कुमार कर्नाटक को दिनांक 22 जुलाई, 2022 से छः माह अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, तक के लिए वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, पौड़ी गढ़वाल का कुलपति नियुक्त किया जाता है।

ह०/–
ले ज गुरमीत सिंह
कुलाधिपति।

संख्या–1441 (1)/जी०एस०(शिक्षा)/C13-2/2014, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
3. सचिव, कृषि एवं कृषक कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
4. डा० अजीत कुमार कर्नाटक, कुलपति, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, पौड़ी गढ़वाल।
5. कुलसचिव, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, पौड़ी गढ़वाल।
6. कम्प्यूटर प्रकोष्ठ/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा० रंजीत कुमार सिन्हा)
सचिव श्री राज्यपाल/कुलाधिपति।